हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 11 जुलाई 2026

11 आशा वर्कर्स ने बीएलओ के साथ ड्यूटी से मुक्त रखने...


12 अटेली में सीएसडी कैंटीन खोलने की मांग पूर्व...


### परिजनों ने निष्पक्ष जांच व हत्या का केस दर्ज करने की मांग की

# बंद पड़े स्टोन क्रेशर में मिला श्रमिक का शव, हत्या की आशंका पर हंगामा

- डीएसपी समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे, एफएसएल जांच व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव खातौली अहीर स्थित बंद पड़े श्री गणेश स्टोन क्रेशर में शुक्रवार तड़के उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के गांव बंजरिया निवासी 35 वर्षीय शकील अहमद उर्फ भूरा पुत्र रफीक अहमद का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिजनों, ग्रामीणों और अन्य स्टोन क्रेशरों पर कार्यरत प्रवासी मजदूरों ने हत्या की आशंका जताते हुए जमकर हंगामा किया तथा निष्पक्ष जांच और आरोपितों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति तनावपूर्ण होने पर डीएसपी सहित कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को निष्पक्ष जांच का भरोसा देकर शांत कराया।

शकील अहमद पिछले काफी समय से क्षेत्र में मजदूरी करता था। उसका शव गांव खातौली अहीर स्थित श्री गणेश स्टोन क्रेशर के सामग्री ढुलाई पट्टे के होद में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना फैलते ही गांव के लोग, आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीण तथा विभिन्न स्टोन क्रेशरों पर कार्यरत प्रवासी मजदूर मौके पर पहुंच गए। लोगों ने शव उठाने का विरोध करते हुए पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और मामले को संदिग्ध बताते हुए इंसाफ की मांग की।

सूचना मिलते ही निजामपुर थाना प्रभारी धर्मसिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन लोगों का आक्रोश कम नहीं हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी भारत भूषण, नांगल चौधरी थाना प्रभारी पवन कुमार, सीआईए प्रभारी संदीप सिंह तथा अन्य पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों और प्रदर्शन कर रहे लोगों से बातचीत कर निष्पक्ष जांच, वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद लोगों ने शव उठाने दिया।



नारनौल। ग्रामीणों से बात करती पुलिस व (इनसेट में) क्रेशर के माल ढुलाई वाले पट्टे के पास मृत पड़ा युवक। फोटो : हरिभूमि

#### 10-12 माह से बंद पड़ा है क्रेशर

घटना को लेकर एक और बड़ा सवाल यह भी उठ रहा है कि जिस स्टोन क्रेशर में शव मिला, वह लंबे समय से बंद पड़ा बताया जा रहा है। खातौली अहीर निवासी वेदप्रकाश शर्मा ने बताया कि संबंधित स्टोन क्रेशर पिछले 10 से 12 माह से बिजली का करीब पांच से दस लाख रुपये का बिल बकाया होने के कारण बंद पड़ा है। ऐसे में यदि क्रेशर में बिजली आपूर्ति ही नहीं थी तो करंट लगने से मौत होने की संभावना पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### *यह बोले थाना प्रभारी*

निजामपुर थाना प्रभारी धर्मसिंह ने बताया कि पुलिस को रात करीब 2:30 बजे स्टोन क्रेशर में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल जांच तथा अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### भाई ने दी शिकायत

मृतक के भाई आमेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शकील को क्रेशर संचालकों की ओर से काम के लिए बुलाया गया था, जबकि संबंधित स्टोन क्रेशर पिछले कई महीनों से बंद पड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि शकील बुधवार को काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी तलाश की, मगर उसका कोई सुराग नहीं लगा। बाद में सूचना मिली कि उसका शव श्री गणेश स्टोन क्रेशर के माल ढुलाई मशीन (कन्वेयर सिस्टम) के होद में पड़ा है। आमेर का आरोप है कि जब उन्होंने क्रेशर संचालकों से संपर्क किया तो उन्हें बताया गया कि शकील काम पर ही नहीं आया था। इसके बाद दूसरे स्टोन क्रेशरों पर कार्यरत मजदूरों से शव मिलने की जानकारी मिली। परिजनों और प्रवासी मजदूरों का कहना है कि शकील को क्रेशर मालिकों ने ही बुलाया था और उसकी मौत सामान्य हादसा नहीं हो सकती। उनका आरोप है कि घटना गुरुवार शाम की है, जबकि पुलिस को सूचना देर रात दी गई, जिससे पूरे घटनाक्रम पर संदेह पैदा हो रहा है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

एचएसएनसीबी की बड़ी कार्रवाई

## 1680 ट्रामाडोल कैप्सूल सहित युवक गिरफ्तार

**नारनौल में सप्लाई देने पहुंचा था आरोपित, होटल सनराइज के पास नाकाबंदी कर दबोचा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की रेवाड़ी यूनिट ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 1680 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से नशीले कैप्सूल के अलावा एक बाइक भी बरामद की है। आरोपित के खिलाफ शहर थाना नारनौल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) संजय कुमार के निर्देशानुसार प्रदेशभर में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत रेवाड़ी यूनिट के प्रभारी इंस्पेक्टर धर्मबीर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। इंस्पेक्टर धरमबीर ने बताया कि यूनिट के एएसआई सुरेश कुमार अपनी टीम के साथ नारनौल क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल लेकर नारनौल में सप्लाई करने आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नारनौल-निजामपुर बाइपास रोड स्थित होटल सनराइज के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1680 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस ने मौके से उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली।



नारनौल। गिरफ्त में आरोपित

#### नारनौल शहर के गांव पटीकरा का निवासी है आरोपित

गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव पटीकरा निवासी प्रकाश के रूप में हुई है। उसके खिलाफ शहर थाना नारनौल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपित से गहन पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह नशीले कैप्सूल कहां से लेकर आया था और इन्हें किन लोगों तक पहुंचाने की योजना थी। साथ ही उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों और सप्लायरों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली पुलिस कांस्टेबल की हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**निजामपुर।** दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल के साथ मारपीट करने और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु होने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मामले में पहले मारपीट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था, लेकिन घायल कांस्टेबल की उपचार के दौरान मृत्यु होने के बाद मुकदमे में हत्या संबंधी धाराएं जोड़ दी गई हैं। जिसमें थाना निजामपुर की पुलिस टीम ने प्रवीण और सनी निवासी धौलेड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है। वारदात में उपयोग की गई बाइक बरामद की गई। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शिकायत के अनुसार दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत सुनील कुमार निवासी गांव धौलेड़ा 14 जून को छुट्टी के दौरान अपने घर आया हुआ था। अगले दिन उसकी पत्नी के पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने बताया कि सुनील कुमार कालिया नांगल क्षेत्र में नहर के किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए। उपचार के दौरान सुनील कुमार न बताया कि उसके साथ गए दो व्यक्तियों ने उसे बंधक बनाकर मारपीट की थी। सुनील कुमार की पत्नी की शिकायत पर थाना निजामपुर में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। उपचार के दौरान सुनील कुमार की हालत ज्यादा बिगड़ने से उसकी आकस्मिक मृत्यु हो गई। ।

#### *क्या कहते हैं एसपी*

*इस संबंध में पुलिस अधीक्षक दीपक ने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की गंभीर आपराधिक घटना में आरोपितों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा तथा कानून के अनुसार उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।*

## तीन दिन तक जिंदगी से जंग लड़ने के बाद हरीश ने तोड़ा दम

**नारनौल।** गांव नांगतिहाड़ी में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलसे युवक करीब 27 वर्षीय हरीश कुमार ने उपचार के दौरान तीन दिन तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद गुरुवार को दम तोड़ दिया। वह 6 जुलाई की रात हुए हादसे के बाद से जयपुर अस्पताल में भर्ती था। हरीश की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। गांव निवासी हरीश कुमार डीजे का कार्य करता था। 6 जुलाई की रात करीब साढ़े 11 बजे एक कार्यक्रम से लौटने के बाद वह अपने घर के बाहर खड़े पिकअप वाहन में रखे डीजे के सामान को बारिश और धूल से बचाने के लिए तिरपाल डाल रहा था। इसी दौरान तिरपाल का एक हिस्सा ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गया और तेज करंट लगने से हरीश गंभीर रूप से झुलसकर नीचे गिर पड़ा। तभी वहां से गांव के दौलतराम (चाचा) और चेतराम (भतीजा) गुजर रहे थे। चेतराम ने हरीश को तड़पता देख उसे बचाने का प्रयास किया तो उसे भी करंट लग गया था, जिस पर चेतराम की उसी समय मौत हो गई थी। हादसे के समय आसपास मौजूद लोगों ने बिजली आपूर्ति बंद कराई और हरीश को तुरंत नारनौल के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जयपुर रेफर कर दिया, जहां पिछले तीन दिनों से उसका इलाज चल रहा था। गुरुवार को उपचार के दौरान उसने अंतिम सांस ली। बताया गया है कि हरीश अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका है। वह विवाहित था तथा अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी छोड़ गया है। गमगीन माहौल में हरीश शव गांव लोकर ग्रामीणों ने उसका देर शाम को अंतिम संस्कार कर दिया।



महेंद्रगढ़ बार का समर्थन

## नारनौल, नांगल चौधरी और अटेली के अधिवक्ताओं ने रखा वर्क सस्पेंड

- न्यायिक व रेवेन्यू अदालतों में नहीं हुए अधिवक्ता पेश, पक्षकारों को बिना सुनवाई लौटना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महेंद्रगढ़ बार एसोसिएशन द्वारा पारित प्रस्ताव के समर्थन में शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन नारनौल के आह्वान पर नारनौल, नांगल चौधरी और अटेली के अधिवक्ताओं ने एक दिन का वर्क सस्पेंड रखा। इसके चलते तीनों स्थानों की न्यायिक अदालतों और रेवेन्यू कोर्ट में अधिवक्ता पेश नहीं हुए, जिससे निर्धारित मामलों की सुनवाई प्रभावित रही और बड़ी संख्या में पक्षकारों को बिना कार्यवाही के लौटना पड़ा।

जिला बार एसोसिएशन नारनौल के प्रधान संतोख सिंह ने बताया कि महेंद्रगढ़ बार एसोसिएशन की ओर से पुलिस प्रशासन के साथ चल रहे विवाद तथा एडीएम कोर्ट से जुड़े मुद्दों को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया गया था। इसी प्रस्ताव के समर्थन में जिले की विभिन्न बार एसोसिएशनों ने एकजुटता दिखाते हुए शुक्रवार को सामूहिक रूप से वर्क सस्पेंड रखने का निर्णय लिया।

वर्क सस्पेंड के कारण न्यायिक अदालतों और रेवेन्यू कोर्ट में अधिवक्ताओं की अनुपस्थिति रही। जिन मामलों की शुक्रवार को सुनवाई निर्धारित थी, उनमें कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हो सकी। कई पक्षकारों को अगली तारीख का इंतजार करना पड़ा, जबकि दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचे लोगों को समय और आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। अदालत परिसर में सामान्य दिनों की अपेक्षा पूरे दिन काफी कम गतिविधियां देखने को मिलीं। न्यायिक कार्य प्रभावित रहने से कई लोग अपने अधिवक्ताओं से संपर्क करते रहे।



नारनौल। खाली पड़ी अधिवक्ताओं की कुर्सी।

## चुनाव लड़ते वक्त संजय गोयल पर तथ्य छुपाने का गंभीर आरोप

**मंडी अटेली।** अटेली नगर पालिका के चेयरमैन संजय गोयल के चुनाव को अवैध घोषित करने की मांग को लेकर दायर याचिका पर बड़ा फैसला आया है। गुरुवार को इलेक्शन ट्रिब्यूनल ने सुनवाई के बाद याचिका को स्वीकार करते हुए संजय गोयल को अयोग्य करार दे दिया। इस निर्णय के बाद उनके चेयरमैन पद पर बने रहने पर संकट खड़ा हो गया है। हेड ऑफ इलेक्शन ट्रिब्यूनल एवं सिविल जज (सीनियर डिवीजन) डॉ. मुकेश कुमार की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। यह फैसला पिछले वर्ष हुए अटेली नगर पालिका के चेयरमैन पद के प्रत्यक्ष चुनाव से जुड़ी इलेक्शन पिटीशन ईपी-1/2025 पर दिया गया, जिसे संजय गोयल के प्रतिद्वंद्वी रहे भूपेश गुप्ता ने दायर किया था। याचिकाकर्ता भूपेश गुप्ता ने अपनी पिटीशन में आरोप लगाया था कि संजय गोयल ने नामांकन पत्र दाखिल करते समय महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया। याचिका में तीन प्रमुख आधार प्रस्तुत किए गए। पहला, वर्ष 2018 में स्थानीय निकाय विभाग द्वारा लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहने के कारण संजय गोयल को पद से हटाया गया था। हरियाणा म्यूनिसिपल एक्ट के प्रावधानों के अनुसार ऐसे व्यक्ति छह वर्षों तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य होते हैं, इसके बावजूद उन्होंने चुनाव लड़ा। दूसरा आधार नामांकन पत्र में गलत जानकारी देने का बताया गया। याचिकाकर्ता के अनुसार संजय गोयल ने अपने निलंबन सहित अन्य तथ्यों का खुलासा नहीं किया। यदि नामांकन की जांच सही तरीके से होती तो उसी समय उनका नामांकन रद्द किया जा सकता था। तीसरा आरोप बैलेट पेपर में उम्मीदवारों के क्रम में बदलाव को लेकर लगाया गया। याचिका में कहा गया कि सिंबल अलॉटमेंट के समय जो क्रम तय हुआ था, उसे बाद में ईवीएम/बैलेट मशीन में बदल दिया गया। हरियाणा म्यूनिसिपल एक्ट की धारा 265 के तहत गठित इलेक्शन ट्रिब्यूनल को धारा 272 के अंतर्गत चुनाव संबंधी विवादों पर निर्णय लेने का अधिकार है, जिसके तहत इस मामले की सुनवाई की गई। अदालत द्वारा याचिका स्वीकार किए जाने के साथ ही संजय गोयल को अयोग्य घोषित कर दिया गया है, जिससे वह अब चेयरमैन पद के लिए पात्र नहीं रहे। वहीं फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए संजय गोयल ने कहा कि उन्हें अभी अदालत के आदेश की प्रति प्राप्त नहीं हुई है। आदेश की प्रति मिलने के बाद वे उसका अध्ययन करेंगे और आवश्यक हुआ तो ऊपरी अदालत में इस फैसले को चुनौती देंगे।

पर्यावरण संरक्षण | स्कूलों में ‘वन महोत्सव’ की तैयारी

## इको-क्लब लगाएंगे न्यूनतम 100-100 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा के स्कूलों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर बड़ा अभियान शुरू होने जा रहा है। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने ‘वन महोत्सव’ के उपलक्ष्य में राज्य के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों के लिए एक विस्तृत ‘वृक्षारोपण योजना’ लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्य उद्देश्य न केवल पौधे लगाना है, बल्कि उनकी निरंतर देखभाल और उत्तरजीविता सुनिश्चित करना है।

#### ‘श्रमदान’ के साथ जुड़ेंगे छात्र

परियोजना परिषद ने निर्देश दिए हैं कि वृक्षारोपण और उनकी देखरेख की गतिविधियों को साप्ताहिक ‘श्रमदान’ के साथ एकीकृत किया जाएगा। इससे छात्रों में न केवल पर्यावरण के प्रति लगाव पैदा होगा, बल्कि उन्हें व्यावहारिक रूप से प्रकृति के करीब रहने का मौका मिलेगा।

#### *एनसीसी और एसएमसी की सक्रिय भागीदारी*

इस बार अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्कूलों में मौजूद एनएसएस इकाइयों को वृक्षारोपण की योजना बनाने, जागरूकता फैलाने और पौधों के रोपण के बाद उनकी देखरेख में सक्रिय रूप से शामिल किया जाएगा। साथ ही स्कूल प्रबंधन समितियों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे वृक्षारोपण की गतिविधियों की निगरानी करें और समुदाय का सहयोग जुटाएं।

#### *क्या कहते हैं डीईओ*



*जिला शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि जुलाई से अगस्त तक का समय हरियाणा में वृक्षारोपण के लिए सबसे उपयुक्त है। गौरतलब है कि पिछले साल हरियाणा के स्कूलों ने 10 लाख से अधिक पौधे लगाकर राज्य में एक मिसाल कायम की थी, जिसे इस बार और आगे ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।*

#### इको-क्लबों को मिली जिम्मेदारी

परियोजना परिषद द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य के प्रत्येक ‘इको-क्लब’ को अपने स्तर पर एक व्यापक वृक्षारोपण योजना तैयार करनी होगी। इसके तहत प्रत्येक स्कूल को न्यूनतम 100 पौधे लगाने और उनकी जानकारी भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे उपयुक्त भूमि का चयन करें और स्थानीय प्रजातियों के पौधे ही लगाएं।





## म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे आदित्य, मिलाप करेंगे निर्देशन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर जल्द ही डायरेक्टर मिलाप जावेरी की एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह एक्शन और बेहतरीन गानों से भरपूर एक अनोखी म्यूजिकल लव स्टोरी होगी। फिल्म निर्माता भूषण कुमार और आदित्य रॉय कपूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इससे पहले दोनों आशिकी 2 और मलंग जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब दोनों साथ में एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी करेंगे। मिलाप जावेरी और आदित्य रॉय कपूर एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। मिलाप जावेरी ने कहा कि आदित्य में प्यार और दर्द को पर्दे पर दिखाने का एक अनोखा टैलेंट है। इस फिल्म में उनका किरदार काफी गहरा और दमदार होगा, जिसे दर्शक बेहद पसंद करेंगे।

लाइफ Style

# अंजलि

## बिना ऑडिशन धमाल 4 में हुई एंट्री

एजेंसी ⏭ मुंबई




पहले मैंने टेलीविजन पर काम किया था, इसलिए जो लोग टीवी देखते थे, वे मुझे जानते थे। फिल्म इंडस्ट्री के बहुत ज्यादा लोग मुझे नहीं जानते थे। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने मेरे लिए यह बदल दिया। इंडस्ट्री के लोग मुझे पहचानने लगे। अब किसी को दोबारा परिचय नहीं देना पड़ता है। यह कहना है अभिनेत्री अंजलि आनंद का।

अंजलि आनंद शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म 'धमाल 4' में कामेडी करती दिख रही हैं। धमाल 4 से जुड़ने को लेकर वह कहती है कि मुझे लगता है कि यह फिल्म मेरे हिस्से में आनी ही थी। जब मेरी डायरेक्टर इंद्र कुमार से मुलाकात हुई, तो हमने करीब ढाई घंटे तक फिल्म की बात ही नहीं की। हम उनकी पुरानी फिल्मों के बारे में बातें करते रहे। फिर उन्होंने बस इतना कहा कि बेटा, मुझे तुम्हारा आडिशन लेने की जरूरत नहीं है। तुम इस फिल्म का हिस्सा हो। मुझे लगता है कि उन्होंने फिल्मों के प्रति मेरा प्यार देखा। उन्होंने मेरा दूसरा कोई काम भी नहीं देखा था, लेकिन शुरू से ही मुझ पर भरोसा किया। अंजलि कहती हैं कि बचपन से धमाल, भागम भाग, भूल भुलैया, गोलमाल से लेकर फिर हेरा फेरी तक मैंने सारी कॉमेडी फिल्में देखी हैं। ये मेरे दोस्तों की भी पसंदीदा फिल्में हैं। उनके डायलॉग आज भी हम सबको जुबानी याद हैं। मैं तो बस उस पल का इंतजार कर रही थी, जब मुझे भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा और मैं यह साबित कर पाऊंगी कि मैंने इन सभी फिल्मों से बहुत कुछ सीखा है। अंजलि ने आगे कहा, 'अब उनके साथ परफार्म करने को मिल रहा है। सच कहूं तो मेरा अंदर का बच्चा बहुत खुश था। रितेश देशमुख से जब मैं पहली बार से मिली, तो मैंने उनसे कहा कि आपने जो फिल्म हे बेबी में शावर वाले सीन में गाना गाया था, उसे मैं आज तक नहीं भूल पाई हूं।

## हॉलीवुड मसाला




## ड्यून 3 में खतरनाक हुई जंग...

लॉस एंजिल्स। ड्यून 3 का आखिरकार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो इस साइंस-फिक्शन सीरीज का आखिरी चैप्टर है। ट्रेलर में शानदार विजुअल्स और इमोशनल ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। टिमोथी चालमेट एक बार फिर पॉल एट्राइड्स के रोल में नजर आ रहे हैं। लेकिन इस बार पॉल के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसके नाम पर हो रही जंग के खतरनाक नतीजे हैं। ट्रेलर में वह अपनी ताकत और फैसलों के बोझ से जूझता दिख रहा है। जेंडाया भी ट्रेलर में नजर आती हैं। लेकिन, इस बार पॉल और चानी के रिश्ते में दरार साफ दिखती है। 'ड्यून पार्ट 2' के बाद दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं।




## 9 साल छोटी गर्लफ्रेंड संग ब्रैड का रिश्ता कनफर्म

**नई दिल्ली।** एंजेलिना जोली से अलग होने के बाद ब्रैड पिट फिर से प्यार में पड़ चुके हैं। वह खुद से 9 साल छोटी ज्वेलरी डिजाइनर को डेट कर रहे हैं, जिनके साथ उनकी रोमांटिक फोटोज सामने आई है। दरअसल, हॉलीवुड के सुपरस्टार ब्रैड पिट इन दिनों फेमस ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रेमन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने अपना रिश्ता इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल किया है। सोशल मीडिया पर ब्रैड पिट और इनेस डी रेमन की लेटेस्ट फोटोज आग लगा रही हैं। ये तस्वीरें टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की शादी के फंक्शन की हैं। इनेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ब्रैड पिट संग अपनी फोटोज को रीशेयर किया है जिसे सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिस्ट लौरी जानोलेटी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। हेयरस्टाइलिस्ट ने दोनों की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'न्यूयॉर्क के एक खास पल के लिए मेरे फेवरेट लवर्स इनेस और ब्रैड पिट।'




## मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई का धुरंधर से तुलना

**नई दिल्ली।** सच्ची घटना पर आधारित एक और नई फिल्म 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसे देख यूजर्स 'धुरंधर' से तुलना कर रहे हैं। जिस तरह हमजा ने पाकिस्तान में घुसकर धज्जियां उड़ाई थीं, उसी तरह इस बार हरफन बुखारी है। कई सच्ची घटनाओं पर आधारित 'धुरंधर' के बाद अब एक और जासूसी फिल्म आ रही है, जिसमें 'धुरंधर' जैसा ही दमखम देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म का नाम है 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ ए स्पाई' और फिल्म की कास्ट भी काफी दमदार है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो चर्चा में है। मालूम हो कि पहले 'मुखबिर' एक वेब सीरीज के तौर पर रिलीज की गई थी, पर अब फिल्म बनाकर रिलीज की जा रही है। जिस तरह 'धुरंधर' में मौत की सजा पाए जसकीरत सिंह रंगी को एक भारतीय जासूस बनाकर पाकिस्तान हमजा अली मजारी के नाम से भेजा जाता है।




## द पैराडाइज से राघव का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म 'द पैराडाइज' में राघव जुयाल अहम भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम विक्रम मालिक है। इस फिल्म में अभिनेता का नेगेटिव रोल है। शुक्रवार को राघव के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म से उनका पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ शुभकामनाएं दी हैं। राघव जुयाल ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसी के साथ 'द पैराडाइज' से राघव के किरदार की झलक दिखाई है। सामने आए पोस्टर में राघव जुयाल मुंह में सिगरेट दबाए धुआं के छल्ले बना रहे हैं। काला चश्मा लगा रखा है और तीखे तेवर के साथ देख रहे हैं। उनका यह लुक किसी खूंखार डॉन जैसा है। किल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड में राघव जुयाल पहले ही अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। अब वे तेलुगु फिल्म में अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगे। इसके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया है और अपने लुक पर काफी काम किया है।

## टीवी मसाला



## रक्तांचल 3 में बदला और वर्चस्व का खूंखार खेल, आमने-सामने विजय-वसीम

**नई दिल्ली।** पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी वेब सीरीज 'रक्तांचल' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विजय सिंह और वसीम खान एक बार फिर आमने सामने हैं। इस बार बात सिर्फ बदले की नहीं है, बल्कि राजनीति के बदलते समीकरण और धोखेबाजी की भी है। रितम श्रीवास्तव के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। समय ने बहुत कुछ छीना है हमसे, अब क्रोध भी नहीं है, सिर्फ एक आग है... ''रक्तांचल' सीजन 3' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया है और पहले ही कुछ सेकेंड में विजय सिंह के किरदार का यह डायलॉग टोन सेट कर देता है। सच्ची घटनाओं पर आधारित इस वेब सीरीज का करीब दो मिनट का यह ट्रेलर हमें पूर्वांचल के उस खूंखार इलाके में वापस ले जाता है, जहां विजय सिंह और वसीम खान की पुरानी दुश्मनी, दबी हुई नफरत और सत्ता के नए खेल एक बार फिर भड़कने को तैयार हैं। कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल इलाके के दो मशहूर माफिया की 1980 के दशक की असल घटनाओं से प्रेरित है। सीरीज में क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर लीड रोल में हैं। जब 2020 में इसका पहला सीजन और फिर 2022 में दूसरा सीजन रिलीज हुआ था, तब इस सीरीज की हिंसक और राजनीतिक दुनिया ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। अब तीसरे सीजन में बात वर्चस्व से आगे बढ़कर बदले की है।

### हिना और रुबिना का नया टॉक शो हुआ ट्रोल

**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित सितारे भी अक्सर विवादों का हिस्सा बनते हैं। हाल ही में टीवी सेलेब्स से जुड़ी कुछ कंट्रोवर्सीज पर रुबिना दिलैक और हिना खान ने अपने नए टॉक शो में बात की। यह बातचीत फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को नहीं पसंद आई। इस वजह से दोनों एक्ट्रेसेस को ट्रोल भी किया गया है। रुबिना दिलैक ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने नए शो 'पीओवी' का एक वीडियो शेयर किया। इसमें रुबिना के पति और एक्टर अभिनव शुक्ला भी नजर आए। साथ ही हिना खान और उनके पति रॉकी भी मौजूद दिखे। यह चारों शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चमोला जैसी टीवी एक्ट्रेसेस की पिछली कंट्रोवर्सी पर चर्चा कर रही थीं। दोनों को लेकर अपने विचार जाहिर कर रही थीं। जब फैंस ने हिना खान और रुबिना के टॉक शो का वीडियो देखा तो उन्होंने खरी-खोटी सुना दी। दरअसल, यह दोनों ही टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस हैं, दोनों की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इन्हें इस तरह से दूसरों एक्टर्स की कंट्रोवर्सी पर बात करते देख, फैंस को अच्छा नहीं लगा। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इन्हें खूब ट्रोल किया।



## सिलक्यारा टनल हादसे पर बनेगी फिल्म, कबीर होंगे निर्देशक



**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने नई फिल्म 'सिलक्यारा 41' का ऐलान किया है। अपकमिंग फिल्म भारत के उत्तराखंड में मौजूद सिलक्यारा टनल में हुए अद्भुत बचाव अभियान पर आधारित होगी। इस अभियान में विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया) के स्थानीय हीरो और दुनिया भर में मशहूर टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने शानदार काम किया था। इस फिल्म को अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय फिल्ममेकर कबीर खान डायरेक्ट करेंगे। इसे मशहूर ऑस्ट्रेलियाई स्क्रीनराइटर एंड्रयू एनास्टासियोस (द वॉटर डिवाइनर) ने लिखा है। यह फिल्म भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक रोमांचक साझेदारी को दिखाएगी। फिल्म के बारे में बात मेकर्स ने बताया 'हमें माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बीच इस अहम सहयोग की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। सिलक्यारा टनल बचाव अभियान की कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। यह नामुमकिन हालात में हिम्मत, मजबूती, सूझ-बूझ और इंसानियत की कहानी है। हमें इस ऐतिहासिक दिन पर इसकी घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने आपसी रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।' ऐसे समय में जब दोनों देशों के नेता और प्रतिनिधिमंडल रिश्तों को मजबूत करने और आपसी सहयोग के नए दौर की शुरुआत करने के लिए मिल रहे हैं।

## राजेश ने माचिस से शुरू किया कॅरियर परिणीता फिल्म से मिली शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीलुड और बंगाली फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेता राजेश शर्मा इन दिनों चर्चा में हैं। खबर है कि वह हैदराबाद में प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'फौजी' की शूटिंग में बिजी थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश शर्मा कई दशकों से इंडस्ट्री में हैं। फिल्मों और टीवी शो में काम करने वाले इस स्टार ने कई हिट प्रोजेक्ट्स में काम किया है। उनका जन्म 8 अक्टूबर 1970 को लुधियाना, पंजाब में हुआ था। उन्हें कम उम्र में ही एक्टिंग का शौक हो गया था। इसी वजह से उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। एक एक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म 1996 में आई 'माचिस' थी। उन्होंने कई बंगाली फिल्मों में काम किया, जिसके बाद 2003 में 'परिणीता' फिल्म से शोहरत मिली। तब से, उन्होंने कई बड़े बजट की फिल्मों में काम किया है और भारतीय सिनेमा में लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभा कर अपने फैंस का दिल जीता है।



### कीड़े काटने से बीमार

प्रभास की आने वाली फ़िल्म की शूटिंग के दौरान कथित तौर पर कीड़े के काटने से बीमार पड़े लोकप्रिय बंगाली अभिनेता राजेश शर्मा अब भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। फ़िलहाल वह ख़तरे से बाहर हैं और डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।

### इन बड़ी फिल्मों में किया काम

राजेश शर्मा की बेहतरीन फिल्मों में भूल भुलैया 3, पीकू, खोसला का घोसला, द डर्टी पिक्चर, टॉयलेटः एक प्रेम कथा, तनु वेड्स मनु' और कई अन्य शामिल हैं। उन्हें स्पेशल 26 और एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी से खासा पहचान मिली। राजेश शर्मा ने साल 2005 में बंगाली अभिनेत्री सुदीप्ता चक्रवर्ती के साथ शादी की थी।

रिलीज होते ही रच दिया था इतिहास, आज भी किया जाता है पसंद

# लाइटर को जलाते हुए बना किशोर कुमार का ब्लॉकबस्टर गाना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्मों में जितनी अहम स्टोरी होती है, उतना ही उसके गानें। आज हम आपको किशोर कुमार के एक गाने के बारे में बताते हैं। इस गाने को किशोर कुमार की आवाज, आर डी बर्मन के म्यूजिक और आनंद बख्शी के लिरिक्स ने सुपरहिट बना दिया था। इतना ही नहीं आप हैरान हो जाएंगे कि इस गाने का सिगरेट जलाते हुए लाइटर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा है।

### लाइटर जलाने से जुड़ा गाने को लेकर किस्सा

इस गाने को लेकर विशाल ददलानी ने बताया था। उन्होंने एक रिएलिटी शो के दौरान कहा था कि पंचम दा सारी रात काम करके उन्होंने गाना बनाया था। जब धुन बनकर तैयार हो गई तो उन्होंने फिर इसे आनंद बख्शी को दिया ताकि वो इसके लिरिक्स लिख सकें। उस समय अब बारिश का मौसम था। आनंद बख्शी रात में घर जा रहे थे और रास्ते में वह सिगरेट जलाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बारिश की वजह से उनका लाइटर जल नहीं रहा था और बार-बार वो बुझ रहा था। तभी उनके दिमाग में एक लाइन आई कि चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाए। बस इसी के बाद उन्होंने गानों की शुरुआत की।



### कौनसा था वो गाना

*हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है चिंगारी कोई भड़के। यह गाना फिल्म अमर प्रेम का है जिसमें राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर, विनोद मेहरा अहम किरदार में थे। अब आपको बताते हैं इस गाने से जुड़ा दिलचस्प किस्सा।*

### बख्शी साहब ने अमर बना दिया गाना

विशाल ने फिर कहा था, 'असली कलाकार वही होते हैं जो जिंदगी की साधारण घटनाओं को इतना खूबसूरत बना दें कि वो हमेशा के लिए लोगों के दिल में बस जाए। एक आम इंसान शायद इस घटना को नजरअंदाज कर देता, लेकिन बख्शी साहब जैसे गीतकार ने उस मोमेंट को उन लाइन से गाने को अमर बना दिया।' यह गाना काफी सुपरहिट हुआ था और आज भी इस गाने को काफी पसंद किया जाता है।

### आरडी बर्मन ने की थी खूब मेहनत

आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक आर डी बर्मन इस फिल्म के दौरान अपने कमरे में जाते और सुबह 9 बजे से लेकर रात के 9 बजे तक काम करते थे। वहीं, इस फिल्म का दूसरा गाना ये क्या हुआ, कैसे हुआ 1970 में आई बंगाली फिल्म राजकुमारी का पूरा कॉपी था जो था ये कि होलो। इस गाने को किशोर कुमार ने गाया था और म्यूजिक आर डी बर्मन ने दिया था।

### बंगाली डायरेक्टर ने इंग्लिश में लिखी थी स्क्रिप्ट

बंगाली राइटर और डायरेक्टर अरविंद मुखर्जी को हिंदी नहीं आती थी इसलिए उन्होंने अमर प्रेम की स्क्रिप्ट इंग्लिश में लिखी थी। इसके बाद राइटर रमेश पंद ने उसे पूरा हिंदी में ट्रांसलेट किया, सिर्फ एक लाइन को छोड़कर पुष्पा आई हेट टियर्स।

**खबर संक्षेप**



सतनाली। नवगठित इकाई के पदाधिकारी।

## एबीवीपी इकाई के डा. विपिन कुमार बने अध्यक्ष

**सतनाली मंडी।** एबीवीपी सतनाली नगर इकाई का गठन किया गया है। जिला संयोजक कमल रोहिल्ला ने बताया कि जिला प्रमुख डा. अविनाश यादव के मार्गदर्शन में सतनाली नगर इकाई का गठन किया गया। घोषित नई इकाई में डा. विपिन कुमार को नगर अध्यक्ष, सचिन कुमार को नगर मंत्री, प्रिंस लांबा एवं अंजू को सह मंत्री तथा प्रीतम को कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया। इकाई को संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाने हेतु आशीष को महाविद्यालय संयोजक, संजू को विद्यालय संयोजक, प्रवीण को एनएसएस संयोजक, कार्तिक लांबा को एनसीसी संयोजक एवं ओकेश शर्मा को एनसीसी सह संयोजक बनाया गया। ललित को सोशल मीडिया संयोजक तथा कुलदीप एवं अरमान को कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी दी गई।

## 'अन्न वृष्टि यज्ञ एवं ऋषि लंगर' कल

**नारनौल।** आर्य समाज मोहल्ला खड़कड़ी, नारनौल की ओर से समय पर उत्तम वर्षा, सुख-समृद्धि एवं लोककल्याण की मंगलकामना को लेकर इस वर्ष भी 'अन्न वृष्टि यज्ञ एवं ऋषि लंगर' का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ 10 जुलाई से होगा, जबकि मुख्य आयोजन 12 जुलाई (रविवार) को आर्य समाज मंदिर मोहल्ला खड़कड़ी में आयोजित किया जाएगा। मुख्य समारोह में विधायक ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. आरएन यादव व प्राचार्य राजेश कुमार होंगे।

## बाबा हनुमानजी का जागरण आज

**महेंद्रगढ़।** गांव आनावास में बाबा हनुमानजी का 19वां जागरण एवं भंडारा 11 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। मंदिर कमेटी के प्रधान प्रमोद कुमार ने बताया कि जागरण में गायक कलाकार मुकेश फौजी, मिस गरिमा, आरती शर्मा, जयप्रकाश यादव की ओर से बाबा हनुमानजी की महिमा का गुणगान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नावदी आश्रम से महंत बालकदास महाराज रहेंगे। 12 जुलाई को सुबह 10 बजे से रात्रि तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## श्री आदर्श रामलीला कमेटी की बैठक कल

**महेंद्रगढ़।** शहर की सब्जी मंडी के नजदीक स्थित श्री आदर्श रामलीला कमेटी के 12 जुलाई को शाम 6:00 बजे प्रधान सुरेंद्र बंटी की अध्यक्षता में कमेटी सदस्यों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा। प्रधान सुरेंद्र बंटी ने बताया कि बैठक में वर्ष 2025-26 का रामलीला का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा तथा रामलीला मंचन की तैयारियों के बारे में विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कमेटी के सभी सदस्यों कार्यकर्ताओं और कलाकारों को बैठक में समय पर पहुंचने का आग्रह किया।

### जनभागीदारी के लिए डीसी ने अफसरों व विभिन्न संगठनों के साथ की बैठक

# अगले माह हरियाणा उदय के तहत नारनौल में होगी हाफ मैराथन, सीएम दिखाएंगे हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत प्रदेश में कम्युनिटी पुलिसिंग और आउटरीच गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नारनौल शहर में अगस्त महीने में जनभागीदारी के साथ हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इसी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय में उपायुक्त अनुपमा अंजली की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेतीं डीसी अनुपमा अंजली। फोटो : हरिभूमि

इसके बाद माइनिंग संगठन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, केमिस्ट एसोसिएशन, ऑयल मिल एसोसिएशन, ईंट भट्ठा एसोसिएशन, पेट्रोल पंप एसोसिएशन और प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सहित कई संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की। बैठक में इस कार्यक्रम को जनभागीदारी के साथ पूरा करने के लिए कार्य योजना तैयार की गई। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की थीम नशामुक्त हरियाणा रहेगी। डीसी ने बताया कि इतने बड़े स्तर का कार्यक्रम होना जिले के नागरिकों के लिए गौरव की बात है।

### मैराथन के रूट पर की चर्चा

बैठक के दौरान मैराथन के रूट निर्धारण, सड़कों की मरम्मत, सफाई व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन जैसे बिंदुओं पर चर्चा कर अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गईं। इस दौड़ को मुख्यमंत्री आईटीआई से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह दौड़ महेंद्रगढ़ रोड पर रहेगी। इसके साथ ही धावकों की सुविधा के लिए मैराथन मार्ग पर चिकित्सा सहायता केंद्र, एम्बुलेंस की तैनाती, पीने के पानी की व्यवस्था और जगह-जगह स्वयंसेवकों को तैनात करने का निर्णय लिया गया है। इस दौड़ में आम लोगों, विशेषकर युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और स्थानीय रनर क्लबों से भी लगातार समन्वय किया जाएगा। इस बैठक में एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव, डीएमसी रणवीर सिंह, सचिव आरटीए मनोज कुमार, नगराधीश डॉ मंगलसेन तथा डीएसपी भारत भूषण के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### 10 किलोमीटर के लिए 100 रुपये रहेगी फीस 5 किलोमीटर के लिए फ्री होगा पंजीकरण

उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि आप मैराथन में भाग लेने के लिए दो तरह की श्रेणी रहेगी। एक श्रेणी में वह नागरिक होंगे जो पांच किलोमीटर तक दौड़ लगाएंगे। दूसरी श्रेणी में वह नागरिक होंगे जो 10 किलोमीटर तक दौड़ लगाएंगे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा एक पोर्टल तैयार किया गया है। नागरिकों को इस दौड़ में भाग लेने के लिए अपना पंजीकरण करवाना होगा। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए जिला महेंद्रगढ़ की ऑफिशल वेबसाइट पर लिंक डाला जाएगा। 10 किलोमीटर की दौड़ में भाग लेने के लिए 100 रुपये फीस रखी गई है जो ऑनलाइन इसी पोर्टल के माध्यम से जमा कराई जाएगी। पांच किलोमीटर तक की दौड़ के लिए कोई फीस नहीं है। डीसी ने जिला के नागरिकों से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीकरण कराकर नशा मुक्त हरियाणा बनाने के इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनें।

### कहा- स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होंगी तो विभाग होगा जिम्मेदार

# आशा वर्कर्स ने बीएलओ के साथ ड्यूटी से मुक्त रखने की उठाई मांग

**उपायुक्त के माध्यम से सरकार को भेजा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

आशा वर्कर्स यूनियन ने एक ओर जहां आशा वर्करों की लंबित मांगों को लागू करने की मांग उठाई है, वहीं दूसरी ओर बीएलओ के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए आशा वर्करों की ड्यूटी लगाए जाने का भी विरोध जताया है। इस संबंध में आशा वर्करों ने उपायुक्त के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपकर बीएलओ के साथ लगाई गई ड्यूटी तत्काल वापस लेने तथा नियमित स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित न करने की मांग की।

उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में आशा वर्करों ने कहा कि वर्ष 2025 तक पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में आशा वर्कर बीएलओ का कार्य करती रही हैं। यह कार्य ऑनलाइन और फील्ड दोनों स्तर पर करना पड़ता था, जिसमें काफी समय और श्रम लगता था, लेकिन इसके बदले मिलने वाला मानदेय बेहद कम था। आशा वर्करों ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग से मानदेय बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने उनकी मांग पर विचार करने के बजाय आशा वर्करों को इस कार्य से हटा दिया और शेष बीएलओ कर्मचारियों का मानदेय बढ़ा दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में आशा वर्करों के पास स्वास्थ्य विभाग की अनेक जिम्मेदारियां हैं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, सर्वेक्षण, जागरूकता अभियान और अन्य नियमित कार्यों में उनका अधिकांश समय व्यतीत होता है। ऐसे में बीएलओ के साथ एसआईआर की अतिरिक्त ड्यूटी लगाने से नियमित स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होंगी। आशा वर्करों ने स्पष्ट किया कि यदि विभाग फिर भी यह ड्यूटी करवाना चाहता है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग लिखित रूप में तय करें तथा सूचना स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को भी भेजी जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की विभागीय कार्रवाई या परेशानी का सामना आशा वर्करों को न करना पड़े।



नारनौल। लघु सचिवालय में प्रदर्शन करती आशा वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

### इन्होंने दिया ज्ञापन

आशा वर्कर्स यूनियन की प्रदेश प्रधान सुनीता, कोषाध्यक्ष अनीता और महासचिव सुरेखा के नेतृत्व में यह मांग पत्र केंद्र सरकार को भेजा गया, जबकि एसकेएस के जिला प्रधान कौशल यादव, वन विभाग के प्रधान हरीराम भी मौजूद रहे। वहीं महेंद्रगढ़ में उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन पर पीएचसी नांगल की आशा वर्करों सहित मीरा, मुनेश, ममता, सुशीला, लक्ष्मी देवी, प्रमिला, प्रीत, सुरबाला, जीत, सुमन, रीना, बलवीरा, मधु, कविता, संतोषबाला, इंद्रा तथा अन्य आशा वर्करों के हस्ताक्षर किए हैं। ज्ञापन में सभी आशा वर्करों ने बीएलओ के साथ एसआईआर ड्यूटी से मुक्त रखने तथा उनकी लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की है।

### गुरुग्राम-नूंह में बिजली वितरण के निजीकरण का विरोध

**नारनौल।** बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा (आल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कंज्यूमर एसोसिएशन) ने गुड़गांव और नूंह जिलों के बिजली वितरण क्षेत्र का लाइसेंस निजी कंपनी (इलेवन पॉवर प्राइवेट लिमिटेड ग्रुप) को दिए जाने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। मंच ने हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) पंचकूला में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कंपनी के आवेदन को तत्काल प्रभाव से खारिज करने की मांग उठाई। मंच के राज्य सचिव मेहर सिंह बांगड़ ने आयोग के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहा कि यह बिजली वितरण व्यवस्था को पिछले दरवाजे से निजी कंपनियों के हवाले करने की तैयारी है। उनका कहना था कि यदि बिजली वितरण का कार्य निजी कंपनियों को सौंपा गया तो बिजली दरों में लगातार बढ़ोतरी होगी और बिजली आम आदमी की पहुंच से बाहर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बिजली एक मूलभूत आवश्यकता है, इसलिए इसकी दरें आम उपभोक्ताओं की पहुंच के भीतर रहनी चाहिए। बांगड़ ने कहा कि निजी कंपनियों का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक मुनाफा कमाना होता है। ऐसे में बिजली महंगी होने का सीधा असर पहले से महंगाई की मार झेल रहे उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के कुल राजस्व का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा अकेले गुड़गांव जिले से प्राप्त होता है। यदि यह क्षेत्र निजी कंपनी के पास चला जाता है तो सरकारी नियंत्रण वाले बिजली वितरण क्षेत्र की वित्तीय स्थिति कमजोर हो सकती है।



नारनौल। डीईओ को मांग पत्र सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 3 वेतन वृद्धि का लाभ जल्द न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी

**नारनौल।** हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन की जिला इकाई ने वीरवार देर शाम डीईओ और अनुभाग अधिकारी को एक मांग पत्र सौंपकर सरकार द्वारा लिपिक वर्ग के लिए स्वीकृत की गई तीन अतिरिक्त वेतन वृद्धि का निर्धारण करने के मामलों का निपटारा करने की मांग की गई। हेमसा के प्रदेश सचिव अनिल कुमार, प्रदेश प्रवक्ता सुजान मालड़ा, जिला प्रधान कृष्ण फौजी ने इस प्रक्रिया में अधिकारियों द्वारा बरती जा रही ढिलाई पर कड़ा रोष प्रकट करते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। उन्होंने डीईओ विश्वेश्वर कौशिक से मांग करते हुए कहा कि वे अनुभाग अधिकारी को तुरंत आदेश जारी कर इस पर कार्रवाई शुरू करवाएं।

**आंदोलन की रूपरेखा तैयार:** हेमसा नेताओं ने अधिकारियों को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस मांग पर तुरंत अमल करते हुए लिपिकों के वेतन विसंगति और इंक्रीमेंट का निपटारा नहीं किया गया तो संगठन आगामी रणनीति तैयार कर अधिकारियों के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग और संबंधित अधिकारियों की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान डीईओ व डीईईओ कार्यालय के लिपिक, सहायक, उप अधीक्षक सहित 30-40 कर्मचारी उपस्थित थे।



नारनौल। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में सूरज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**नारनौल।** जिला स्तरीय कराटे एसोसिएशन द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल सात छात्रों ने भाग लिया और सभी ने पदक जीतकर शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि विद्यार्थियों ने कुल सात पदक अपने नाम किए, जिनमें दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, अनुशासन और उनके प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। स्वर्ण पदक विजेताओं में मयंक सैनी पुत्र मोहन सैनी तथा ईशांत पुत्र राजकुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। रजत पदक विजेताओं में रविश चौहान पुत्र विजय चौहान, जतिन पुत्र जितेंद्र, आर्यन पुत्र महिपाल तथा रुद्र यादव पुत्र नरेश कुमार ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए सिल्वर मेडल जीता। वहीं हर्ष पुत्र विनोद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। स्वर्ण पदक विजेताओं ने बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया, वहीं रजत और कांस्य पदक विजेताओं ने भी शानदार खेल भावना और उत्कृष्ट कौशल का परिचय दिया। प्रधानाचार्य रितु चहल ने कहा कि हमारे छात्र न केवल शिक्षा में बल्कि खेलों में भी लगातार उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं। यह अत्यंत सराहनीय है।



नारनौल। फायर सेफ्टी नियमों की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सीएल स्कूल के बच्चों ने फायर सेफ्टी के नियमों को जाना

**नारनौल।** देशभर में तापमान बढ़ने के साथ ही शॉर्ट सर्किट और अन्य उपकरणों से आग लगने की घटनाए बढ़ने लगी है। जिसको देखते हुए सरकार और प्रशासन फायर सेफ्टी के नियमों से अवगत करने के लिए हुडा सेक्टर स्थित सीएल पब्लिक स्कूल में फायर ब्रिगेड विभाग टीम पहुंची। इस दौरान फायर ऑफिसर राजबीर सिंह, फायर आपरेटर संदीप सिंह और उनकी टीम ने आग लगने और उस पर कैसे नियंत्रण किया जाए, उसके बारे में बच्चों को बताया गया। सबसे पहले तो जहां आग लगी हो उस आग को बुझाने के लिए उसकी ऑक्सीजन की सप्लाई को खत्म करे ताकि आग पर काबू पया जा सके। घरों में आग लगने की एक मुख्य वजह गैस सिलेंडर होता है। यदि सिलेंडर लीक होने से आग लगती है तो सबसे पहले सिलेंडर को गीले मोटे कंबल से ढक दें। उसे किसी खुले स्थान पर ले जाए। घर के खिड़की व दरवाजे खोल दें। किसी भी बिजली उपकरण को न चलाए। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने फायर ऑफिसर और उनकी टीम का स्वागत किया और इतनी महत्वपूर्ण जानकारी के लिए उनका धन्यवाद भी किया।



कनीना। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आरआरसीएम में बैग रख-रखाव प्रतियोगिता

**कनीना।** आरआरसीएम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बैग रखरखाव प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने भाग लिया। सभी विद्यार्थियों का बैग साफ सुथरा रहा और बैग में शिक्षा सामग्री व्यवस्थित ढंग से रखी मिली। सभी किताबों व कॉपियों पर अच्छे तरीके से कवर और स्टीकर लगे हुए पाए गए। विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता मे इतना बेहतरीन प्रदर्शन किया कि निर्णायक मंडल को प्रथम, द्वितीय व तृतीय निकालने के लिए अथक प्रयास करना पड़ा और समय भी पूरा देना पड़ा। चेयरमैन रोशनलाल ने सभी अभिभावक का भी धन्यवाद किया कि उन्होंने हमारे हर प्रयास में हमें पूर्ण सहयोग दिया और विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और आगे भी इसी प्रकार सभी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्राचार्य हरिप्रकाश, गतिविधि इंचार्ज शीतल यादव, मुकेश डीपीई और हरिओम पीटीआई ने निभाई।

## स्व. स्नेहलता गर्ग की पुण्यतिथि पर की गोसेवा और भोजन वितरण

**नारनौल।** रोटरी क्लब नारनौल सिटी और रोटरी क्लब नारनौल बेलाज के संयुक्त तत्वावधान में रोटरी क्लब नारनौल सिटी के पूर्व प्रधान संजय गर्ग ने शुक्रवार को अपनी माताजी स्व. स्नेहलता गर्ग धर्मपत्नी शिम्भुदयाल गर्ग की तृतीय पुण्यतिथि पर श्री गोपाल गोशाला में गोमाता की सेवा के लिए हरी सब्जी की सवामणी तथा दोपहर में रोटरी रसोई पर भोजन वितरण कर अपनी माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह गोशाला में गोमाता की सवामणी लगाई गई। इसके पश्चात दोपहर में रोटरी रसोई पर सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। रोटरी क्लब नारनौल सिटी के प्रधान गोपाल मित्तल ने कहा कि स्व. स्नेहलता गर्ग एक सरल, मिलनसार और समाजसेवी महिला थीं। समापन पर निःस्वार्थ सेवा के लिए उनके पति श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांडुवाड़ा के संरक्षक शंभुदयाल गर्ग एवं उनके परिवार को रोटरी क्लब की ओर से अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



नारनौल। रोटरी रसोई में भोजन वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व उपमुख्यमंत्री महेंद्रगढ़ के कई गांवों का दौरा कर शोकाकुल परिवारों से मिले

# जनता के सुख-दुख में साथ, सत्ता केवल प्रचार में व्यस्त : दुष्यंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शनिवार जिला के अनेक गांवों का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम परिवारों के सुख-दुख में भागीदारी निभाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि जननायक जनता पार्टी का रिश्ता जनता से केवल चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि हर सुख-दुख में साथ खड़े रहने का है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज प्रदेश की सरकार जनसमस्याओं का समाधान करने के बजाय प्रचार में अधिक व्यस्त दिखाई देती है, जबकि किसान, युवा और आम नागरिक अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

दौरे के दौरान दुष्यंत चौटाला अटेली हल्के के गांव बोचड़िया पहुंचे। जहां नांगल चौधरी से पूर्व प्रत्याशी राव ओमप्रकाश इंजीनियर की माता के निधन पर उनके फार्म हाउस जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे गांव शहदपुर पहुंचे, जहां पुलिस भर्ती के दौरान असामयिक निधन का शिकार हुए युवा कपिल कुमार के परिवार से मिलकर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य और भर्ती प्रक्रियाओं को पूरी पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ संचालित करना सरकार की जिम्मेदारी है। इसके उपरांत गांव दुलोठ जाट में पूर्व सरपंच एवं महिला हल्का प्रधान अंजू चौधरी के निवास पर आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में ग्रामीणों से संवाद किया। इसके बाद उन्होंने गांव खायरा पहुंचकर अमीलाल बोहरा एवं रणसिंह के निधन पर उनके परिवारों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। दौरे के अंतिम चरण में दुष्यंत चौटाला गांव सोहड़ी पहुंचे, जहां पूर्व हल्का प्रधान रतन सिंह के शहीद पोते शहीद शंकरलाल को श्रद्धांजलि अर्पित की।



- किसानों और युवाओं के मुद्दों पर सरकार को घेरा

नारनौल। शोक प्रकट करते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला प्रधान राजकुमार खातोद, राकेश जाखड़, महेन्द्र बड़ेशरा, बेदू राता, महिला जिला प्रधान सोनिया धनखड़, जिला प्रवक्ता विजय छीलरो, हरचंद तोबड़ा, रामकुमार मक्शुसपुरिया, महेन्द्र खन्ना, प्रमोद ताखर, दिनेश राजपूत, वीरेंद्र घटाशेर, विजय पाल अधिवक्ता, अजय चौधरी अधिवक्ता, संदीप भाखर ,माडू राम, जिला पार्षद सचिन, वीरेन्द्र दहिया, सरपंच लीलाराम कालबा, विष्णु डाबड़, चनसुख तोताहेडी, कंवर सिंह नंबरदार, अभिषेक शर्मा, सुनील जेवली, जयवीर फौजी, दिनेश, शेखर, नीरज, करतार साहब आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**महेंद्रगढ़।** चामधेड़ा रोड स्थित मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा विद्यार्थियों को भी अपने घरों और आसपास पौधरोपण करने के लिए पौधे वितरित किए गए। प्राचार्य प्रदीप तंवर ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा केवल सरकार की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटते वन क्षेत्र के कारण पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। यदि प्रत्येक नागरिक वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए पौधरोपण के साथ-साथ जल और प्राकृतिक संसाधनों का भी संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।





## खबर संक्षेप



### नशा तस्कर गिरफ्तार 13 ग्राम हेरोइन बरामद

**नारनौल।** सीआईए टीम को एक ओर सफलता मिली है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए एक नशा तस्कर को अवैध मादक पदार्थ (हेरोइन) के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पीआरओ के मुताबिक वीरवार को सीआईए नारनौल की पुलिस टीम गश्त, चेकिंग और नशीले पदार्थों की रोकथाम के संबंध में क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मनोज कुमार, जो अवैध नशीले पदार्थ बेचने का काम करता है। वह नशीला पदार्थ लेकर उसे बेचने की फिराक में मोहल्ला संगीवाड़ा और मिश्रवाड़ा चौक के पास खड़ा है। पूछताछ के दौरान आरोपित ने अपनी पहचान मनोज कुमार निवासी मोहल्ला मिश्रवाड़ा बताया। एनडीपीएस एक्ट के तहत कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए ड्यूटी मजिस्ट्रेट को सूचित कर मौके पर बुलाया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति आरोपित मनोज कुमार की तलाशी ली गई तो उसके पास से एक पॉलिथिन बरामद हुई। इस पॉलिथिन को खोलने और इलेक्ट्रॉनिक कांटे पर वजन करने पर उसमें से 13 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ चिट्टा (हेरोइन) पाया गया।

### नहरी पानी उपलब्ध करवाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**सतनाली मंडी।** इलाके में नहरी पानी उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर शुक्रवार को राजपूत सभा महेंद्रगढ़ के पूर्व प्रधान समाजसेवी सवाई सिंह राठौड़ के नेतृत्व में सतनाली उपतहसील में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सौंपे ज्ञापन में बताया कि दक्षिण हरियाणा में महेंद्रगढ़ जिले में सतनाली ब्लाक रेगिस्तानी इलाका है और यहां कुओं एवं बोरवैलों में पानी सूखता जा रहा है। कई जगह तो एक हजार फिट तक बोरिंग करवाने पर भी पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि अनेक जगह तो जगह बदल-बदलकर बोरिंग करवाया लेकिन पानी नहीं मिल रहा है।

### जेठू बाबा मंदिर जीर्णोद्वार उत्सव 25 व 26 को

**नारनौल।** शहरी क्षेत्र नसीबपुर में स्थित श्री जेठू बाबा मंदिर जीर्णोद्वार उत्सव 25 व 26 जुलाई को मनाया जाएगा। पहले दिन 25 जूलाई को भव्य ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। इस संबंध में मंदिर पुजारी ने बताया कि ध्वजा यात्रा का शुभारंभ चमत्कारी बालाजी मंदिर हुड्डा से सुबह 7:15 बजे से शुरू होकर ध्वजा यात्रा विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई श्री जेठू बाबा मंदिर नसीबपुर पहुंचेगी। इस दौरान यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, युवा एवं बच्चे धर्म ध्वज के साथ शामिल होंगे।

## हर साल शहर की दस हजार की आबादी जलभराव से उठा रही परेशानी

# शहर में ऐसे 5 स्थान, जहां 30 सालों से जल भराव समस्या, समाधान नहीं कर पाए जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगरपालिका शहर के पांच स्थानों पर 30 सालों में भी जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान नहीं कर पाई। हर साल बरसात के मौसम में इन स्थानों पर जलभराव होने से करीब दस हजार की आबादी परेशानी उठाने को मजबूर है। शहर के मोहल्ला महायचान, बस स्टैंड, नागरिक अस्पताल, मोहल्ला कुम्हारान व खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यालय प्रांगण में जलभराव की स्थिति बनी रहती है। नपा की ओर से बरसाती सीजन शुरू होने से पहले पानी निकासी के दावे किए जाते हैं, लेकिन इन स्थानों पर हर साल जलभराव होता है। शहर के मोहल्ला महायचान सबसे नीचाई वाला क्षेत्र होने के कारण यहां जलभराव होता है। मोहल्लावासी लंबे समय से उपायुक्त, विधायक व नगर पालिका के अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं हो रहा है। यहीं हालात, बस स्टैंड के हैं जहां मंगलवार को हुई 33.5 एमएम बारिश के कारण जलभराव होने पर पंप से निकाला गया था। हर साल बरसाती सीजन में यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं नागरिक अस्पताल के पुराने भवन का एक हिस्सा काफी निचाई पर है, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से इस समस्या के समाधान के लिए कभी प्रयास तक नहीं किए गए। खाद्य आपूर्ति विभाग कार्यालय में हालात है कि हर बार बारिश के सीजन में कार्यालय में पहुंचने तक को जगह नहीं बचती। नपा व जन स्वास्थ्य विभाग को अवगत कराया जाने के बाद भी समाधान नहीं है।

**मोहल्ला महायचान, बस स्टैंड, नागरिक अस्पताल, मोहल्ला कुम्हारान व खाद्य आपूर्ति विभाग कार्यालय में साल होता है जलभराव**

### यह बोले नगरवासी

शहर निवासी राजेश, सचिन, राजकुमार, सोहन व विक्रम ने बताया कि मोहल्ला महायचान में बारिश के मौसम में हर साल जलभराव से परेशानी होती है। बारिश का पानी घरों तक पहुंच जाता है। समस्या के स्थाई समाधान के लिए लंबे समय से प्रशासन से लेकर नपा व अधिकारियों विधायकों तक गुहार लगाई जा रही है। कोई समाधान नहीं हुआ। मोहल्ला कुम्हारान में बारिश के मौसम में हर बार जलभराव होता है। नगरपालिका की ओर से गत वर्ष भी जलभराव से निपटने के दावे किए थे, लेकिन जलभराव होने के बाद महज एक दिन ही पंप सैट लगाया गया था। स्थाई समाधान के लिए नाले तक नहीं बनाए गए हैं। अनाज मंडी मार्ग पर बारिश के मौसम में मार्ग पर पानी भर जाता है। पानी भरने के कारण रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने वालों को परेशानी हो रही है। इसके साथ-साथ यह मार्ग बुरी तरह से टूटा हुआ है। इस मार्ग के बारे में अनेक बार शिकायत कर चुके है। इसके अलावा शहर के निचले इलाके में नागरिक अस्पताल में पुराने क्वाटरों के पास पानी भर जाता है।

### की जा रही है निकासी की तैयारी



नगरपालिका की ओर से हाल ही में कुछ नालों का निर्माण कराया जा चुका है जबकि अनेक वार्डों में पानी निकासी के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं। बारिश के मौसम में जलभराव से निपटने के लिए नपा के पास पर्याप्त व्यवस्थाएं एवं संसाधन हैं। दो पंप सैट एवं इंजन की व्यवस्था है जरूरत पड़ने पर अन्य विभागों का सहारा लिया जा सकेगा।

**-रमेश सैनी, चेयरमैन नगरपालिका महेंद्रगढ़**

## रक्षामंत्री व प्रदेश के सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# अटेली में सीएसडी कैंटीन खोलने की मांग पूर्व सैनिक व अर्धसैनिकों ने दिया धरना

**धरने में सैकड़ों पूर्व सैनिक, अर्धसैनिक, प्रजा भलाई संगठन और बसपा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया**





नारनौल। अटेली में धरना देते पूर्व सैनिक व अर्धसैनिक तथा तहसीलदार कार्यालय के टीआरए को मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अटेली में सीएसडी कैंटीन खोलने और पूर्व सैनिक एवं अर्धसैनिकों की मांगों को लेकर धरना दिया गया। इसका नेतृत्व समाजसेवी बसपा नेता अतरलाल ने किया। धरने में सैकड़ों पूर्व सैनिक, अर्धसैनिक, प्रजा भलाई संगठन और बसपा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बाद में प्रदर्शनकारियों ने केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश में सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण मंत्री राव नरबीर सिंह के नाम तहसीलदार कार्यालय के टीआरए मोहनलाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अटेली में सीएसडी कैंटीन तत्काल खोलने, अटेली और कनीना में ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक खोलने, नसीबपुर नारनौल में युद्ध स्मारक का निर्माण पूरा शीघ्र करने, हरियाणा में सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड गठित करने, सैनिक व अर्धसैनिक बलों के लिए दी जाने वाली वीरता पुरस्कार राशि बढ़ाने और अटेली तहसील के गांव चंदपुरा निवासी सेना में नायक के पद पर तैनात मनोज कुमार जो गांव में छुट्टी आया हुआ था कि गत 22 जून को 11केवी बिजली लाइन की चपेट में आने से हुई दर्दनाक मृत्यु से शोक संतप्त परिवार को सम्मानजनक उचित आर्थिक सहायता देने, मृत सैनिक की पत्नी को सरकार नौकरी देने और पीड़ित परिवार को न्याय देने की मांगे की गई।

### 30 से 50 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है सामान खरीदने : अतरलाल

अतरलाल ने प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अटेली में सीएसडी कैंटीन न होने के कारण पूर्व सैनिकों को सामान खरीदने के लिए नारनौल, महेन्द्रगढ़, कनीना 30 से 50 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। जिससे उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि अटेली सैनिक बाहुल्य क्षेत्र है। 55 गांवों की तहसील का हेड क्वाटर है। व्यापारिक केन्द्र है। थाना तथा खंड विकास कार्यालय है। ऐसे में अटेली में सीएसडी कैंटीन और ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक तत्काल खोले जाएं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कप्तान सुबेसिंह यादव, कप्तान हुकम सिंह, कप्तान बलबीर सिंह यादव, कप्तान जगरूप सिंह, सुबेदार मेजर रामसिंह, समशेर खान, कैप्टन मीर सिंह, हवलदार सतबीर, रणधीर सिंह, श्रीराम, प्रधान दानसिंह प्रजापत, भागसिंह चेयरमैन, थानेदार शेर सिंह, सीताराम जांगड़ा, घनश्यामदास जांगड़ा, कंवरसिंह शेखावत, विजय सिंह, जयबीर सिंह, रामनिवास, सुमेर सिंह, राकेश सिंह, सोमदत सोनी, सुरेश कुमार, सतपाल, रामसिंह, दीपसिंह, धनपत आर्य, दिनेश कुमार, शेरसिंह, सुरेन्द्र सिंह, डा. जितेन्द्र, युद्धवीर सिंह, हव. रूपचंद, अशोक कुमार, रामपाल आदि सैंकड़ों पूर्व सैनिक, अर्धसैनिक और नागरिक कार्यकर्ता मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। काउंटर उठाकर लेकर जाते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## नपा ने रेलवे रोड से हटवाई फल-सब्जियों की रेहड़ियां

- बाहर रखे काउंटर और फ्लैक्स हटाए, सुबह साढ़े छह बजे की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर पालिका की ओर से शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे नगर पालिका की टीम ने रेलवे रोड पर पहुंचकर सड़क किनारे लगाए गए फल एवं सब्जियों के ठेले-रेहड़ियों, दुकानों के बाहर रखे काउंटर तथा प्रचार-प्रसार के लिए लगाए गए फ्लैक्स और अन्य अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया। टीम ने सड़क के दोनों ओर दुकानों के बाहर रखे लोहे के काउंटर, अतिरिक्त डिस्प्ले स्टैंड, फ्लैक्स बोर्ड और अन्य सामान हटवाया। कई दुकानदारों को मौके पर ही चेतावनी देते हुए भविष्य में सार्वजनिक स्थान पर सामान नहीं रखने के निर्देश दिए गए। फल एवं सब्जी विक्रेताओं की रेहड़ियां मौके पर नहीं मिलने के कारण नगर पालिका को उन्हें जब्त करने की आवश्यकता नहीं पड़ी।

## राव नरेंद्र सिंह ने प्रो. रामबिलास शर्मा का जाना स्वास्थ्य कुशलक्षेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। प्रो. रामबिलास शर्मा से मिलते राव नरेंद्र सिंह।

हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो. रामबिलास शर्मा के चंडीगढ़ स्थित आवास पर शुक्रवार को हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह अपने भाई राव देवेंद्र सिंह व साथी राजकुमार यादव कोटिया के साथ पहुंचे। उन्होंने प्रो. शर्मा का स्वास्थ्य हालचाल जाना, उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि भले ही वे और प्रो. रामबिलास शर्मा अलग-अलग राजनीतिक दलों से जुड़े हैं, लेकिन सुख-दुख में एक-दूसरे का हालचाल जानना और साथ खड़ा होना ही मानवता व राजनीतिक मर्यादा का परिचायक है। उन्होंने कहा कि प्रो. रामबिलास शर्मा तथा उनके पिता स्वर्गीय राव बंसी सिंह अलग-अलग राजनीतिक दलों से कई बार विधानसभा के सदस्य रहे हैं और लोकतांत्रिक परंपराओं में आपसी सम्मान का विशेष महत्व होता है।

## विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़।




खंड के गांव धोली में केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, जन कल्याण शिविर एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कंवर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए पात्र लाभार्थियों को इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि विधायक कंवर सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संकल्प था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे।

## न्यूज डायरी



### बाइपास व कुलताजपुर रोड पर 5 एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

**नारनौल।** जिला नगर योजनाकार टीम ने शुक्रवार शहरी क्षेत्र में बाईपास रोड व बीपीएस स्कूल के पास कुल्ताजपुर रोड पर राजस्व सम्पदा मौजा रसूलपुर में लगभग पांच एकड भूमि में अवैध कालोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की इस कार्यवाही में करीब पांच एकड भूमि में 10 डीपीसी, नौ चारदीवारी व दो मकान और एक दुकान के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ विभागीय कार्यवाही ड्यूटी मजिस्ट्रेट सहायक नगर योजनाकार सतेन्द्र कुमार की अगुवाई में पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई। इस कार्रवाई के बाद जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग ने कहा है कि नियन्त्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें तथा निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा से लाईसैन्स अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### तेज आंधी व बारिश का कहर: स्टेट हाइवे 24 पर गिरा पेड़, लगा लंबा जाम

**कनीना।** शुक्रवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी के साथ हुई जोरदार बारिश ने कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे नंबर 24 पर यातायात पूरी तरह से ठप कर दिया। शाम करीब 5:30 बजे आए इस तेज अंधड़ के कारण हाईवे के किनारे खड़ा एक पुराना और भारी भरकम कीकर का पेड़ जड़ से उखड़कर सीधे सड़क के बीचों-बीच आ गिरा। इस प्राकृतिक आपदा के चलते हाईवे पर पूरी तरह से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पेड़ का आकार इतना विशाल था कि उसने सड़क के दोनों ओर के रास्तों को पूरी तरह से रोक दिया, जिससे आवागमन बाधित हो गया। यह घटना शाम 5:30 बजे की है, जो कि घर लौटने वाले लोगों के लिए व्यस्त समय (पीक आवर) होता है। सड़क बंद होने के तुरंत बाद ही स्टेट हाईवे के दोनों ओर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं।



### गली में भैंस बांधने के विवाद में कुल्हाड़ी और ईंटों से हमला, कई घायल

**कनीना।** गांव छितरोली में एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गली में भैंस बांधने और कीचड़ फैलाने को लेकर हुए झगड़े में एक पक्ष ने दूसरे पर हमला कर दिया, जिसमें कई लोग घायल हो गए हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में मंजीत सिंह ने बताया कि 20 जून की रात को जब वे खाना खाकर गली में टहलने निकले तो आरोपित सचिन, रविंद्र और सुरेश ने उन्हें पकड़कर अपने मकान के अंदर खींच लिया। आरोपित सचिन ने मंजीत पर कुल्हाड़ी से वार किया। रविंद्र और उसकी पत्नी दीपिका ने ईंटों से हमला किया। शोर सुनकर जब मंजीत की पत्नी निर्मला, मां कमलेश और भाई प्रदीप बीच-बचाव के लिए आए तो आरोपितों ने उन पर भी हमला कर दिया। सचिन की चोट से प्रदीप का हाथ कट गया। इसके बाद आरोपितों ने अपनी छत से ईंटें फैंकी। जिससे कमलेश के पैर और प्रदीप के सिर व कंधे पर गंभीर चोटें आईं। मंजीत को उपचार के लिए गंभीर पीजीआई रोहतक रेफर किया गया।

### घर में अकेली पाकर यूपी की महिला से दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

**नारनौल।** शहर के महेंद्रगढ़ रोड स्थित एक गांव के मोड़ के पास रह रही उत्तर प्रदेश की एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने मध्यप्रदेश के छतरपुर निवासी एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म सहित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश की रहने वाली है और अपने परिवार के साथ महेंद्रगढ़ रोड पर एक गांव के मोड़ के निकट झुग्गी एवं कच्चे मकानों में रहती है। घटना के समय वह घर में अकेली थी, जबकि परिवार के अन्य सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे। महिला का आरोप है कि इसी दौरान मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले का रहने वाला नितिन उसके घर पहुंचा और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

## रक्तदान करने वालों को हार्ट अटैक और कैंसर का नहीं होता खतरा

**नांगल चौधरी।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं गौ उपचारशाला के प्रधान बिरेंद्र गोठड़ी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें युवाओं ने 523 युनिट रक्त डोनेट करके मानव कल्याण मिशन में योगदान दिया है। इसके अलावा शिविर में 343 मरीजों की नेत्र जांच की जिनमें 35 का निशुल्क आप्रेशन किया जाएगा। इस दौरान युवाओं को साल में दो बार रक्त दान तथा पांच पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के पंचायत प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त को सबसे पहले रक्त की जरूरत होती है, लेकिन रक्त मेडिकल स्टॉर पर उपलब्ध नहीं होता। ना ही करोड़ों खर्च करके रक्त का उत्पादन किया जा सकता है। मानव के शरीर में रक्त का निशुल्क उत्पादन होता है, जिनके डोनेट करने पर ही पीड़ितों के जीवन की रक्षा हो पाएगी।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

**निर्देश** — सभी जिला परियोजना समन्वयकों को कड़ा आधिकारिक पत्र जारी

# भवनों की लीकेज, सीलन व जलभराव की समस्या पर तुरंत एक्शन के आदेश, लापरवाही पर नपेंगे अधिकारी

- शिक्षा परिषद ने जारी किए कड़े निर्देश : मानसून से पहले सरकारी स्कूलों को सुरक्षित करने की कवायद तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मानसून की दस्तक से पहले प्रदेश सरकार स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह मुस्तैद हो गई है। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने राज्य के सभी सरकारी स्कूल भवनों की मरम्मत और निरीक्षण के लिए एक व्यापक अभियान शुरू करने का फैसला किया है। इस संबंध में परिषद के राज्य परियोजना निदेशक की ओर से सभी जिला परियोजना समन्वयकों (समग्र शिक्षा) को एक कड़ा आधिकारिक पत्र जारी कर तुरंत धरातल पर उतरने को कहा गया है।

### लीकेज और सीलन से बच्चों को बचाना प्राथमिकता

जारी निर्देशों के अनुसार बारिश के मौसम में अक्सर स्कूल भवनों की छतों से पानी टपकने, दीवारों में सीलन आने और परिसर में जलभराव होने की शिकायतें मिलती हैं। इससे न केवल बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है, बल्कि पुरानी पड़ चुकी इमारतों में सुरक्षा का खतरा भी बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए परिषद ने स्पष्ट किया है कि पहली बारिश से पहले ही सभी आवश्यक मरम्मत कार्य अनिवार्य रूप से पूरे कर लिए जाएं।

### इंजीनियरिंग स्टाफ को 24 घंटे अलर्ट रहने के आदेश

मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने अधिकारियों की जवाबदेही तय कर दी है। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए स्कूलों से जुड़े तमाम इंजीनियरिंग और सुपरवाइजरी स्टाफ को चौबीसों घंटे टेलीफोन पर उपलब्ध रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश की प्रतियां महानिदेशक स्कूल शिक्षा और सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को भेज दी गई हैं, ताकि हर स्तर पर इसकी निगरानी की जा सके। परिषद ने साफ किया है कि इस कार्य में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय पर काम पूरा न करने वालों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

### ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त करने पर जोर

इस विशेष अभियान के तहत अधिकारियों को स्कूल की छतों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है, जहां वर्षा जल निकासी के पाइपों और स्पॉट्स की पूरी तरह सफाई की जाएगी ताकि पानी जमा न हो सके। इसके साथ ही छतों पर लगी टाइलों, खुर्रों, मुंडेर (पैरापेट) और बाहरी प्रोजेक्शन की बारीकी से जांच कर उन्हें तुरंत दुरुस्त किया जाएगा। अक्सर दीवारों और छतों पर उग आने वाले अनचाहे पेड़-पौधों को भी इस बार जड़ों से उखाड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

### जलभराव रोकने के पुख्ता इंतजाम

स्कूल परिसरों में जलभराव एक बड़ी समस्या बनकर उभरता है, जिससे निपटने के लिए स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम की सफाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। अधिकारियों को यह भी देखना होगा कि स्कूल के आसपास की जमीन का स्तर भवन के प्लिंथ लेवल से नीचे रहे, ताकि प्राकृतिक रूप से पानी बाहर निकल सके। इसके अतिरिक्त, कक्षाओं के दरवाजों और खिड़कियों के कैंटिलीवर प्रोजेक्शन की भी सुरक्षा जांच की जाएगी।

### किसान आईडी और आधार सीडिंग कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम योगेश सैनी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में तहसीलदार व पटवारियों की बैठक लेकर राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। बैठक में किसान आईडी बनाने, भूमि की आधार सीडिंग, जिसमें जमीन को आधार कार्ड से जोड़ने तथा इंतकाल से संबंधित कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। एसडीएम योगेश सैनी ने नवनियुक्त सभी पटवारियों को निर्देश दिए कि किसान आईडी एवं आधार सीडिंग का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें, ताकि किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए तथा आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न होने दी जाए।